संचिका सं0–7/बजट–46–19/2021–380(7A)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शंभु शरण, भा.प्र.से.
सरकार के अपर सचिव

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना ।

द्वारा– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार

पटना, दिनांक– 6 / 11 /2026

विषयः– अमर शहीद जगदेव प्रसाद सदर अस्पताल, जहानाबाद में 191 बेड के प्रस्तावित सदर अस्पताल के नये भवन के निर्माण हेतु बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना से प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर रुपये 93,53,00,000/– (तिरानवे करोड़ तिरपन लाख रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में राशि रु0 2,50,00,000/–(रुपये दो करोड़ पचास लाख) मात्र के व्यय की स्वीकृति।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय राज्यादेश सं0–1185(10), दिनांक–01.03.2019 द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 में अमर शहीद जगदेव प्रसाद सदर अस्पताल, जहानाबाद में 191 बेड के प्रस्तावित सदर अस्पताल के नये भवन के निर्माण हेतु बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना से प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर रुपये 93,53,00,000/– (तिरानवे करोड़ तिरपन लाख रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में राशि रु0 2,50,00,000/–(रुपये दो करोड़ पचास लाख) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2– उक्त योजनांतर्गत विभिन्न स्वीकृत्यादेशों/आवंटनादेशों के माध्यम से निगम को आवंटित की गयी राशि की विवरणी निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	वित्तीय वर्ष	राशि (रु0 में)	स्वीकृत्यादेश/आवंटनादेश सं0 एवं दिनांक
1	2019–20	10,00,00,000/–	सं0–128(10), दिनांक–07.06.2019
2	2020–21	2,37,09,960/–	सं0–924(10), दिनांक–24.03.2021
2	2024–25	25,00,00,000/–	सं0–545(7), दिनांक–20.03.2025
कुल योग–		**37,37,09,960/-**	

3– उक्त कार्य बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना द्वारा स्वास्थ्य विभागीय राज्यादेश सं0–1185(10), दिनांक–01.03.2019 में निहित्त शर्तों के आधार पर किया जायेगा।

4– इस राशि के व्यय का वहन राज्य योजना अंतर्गत मांग संख्या–20 के अन्तर्गत, मुख्य शीर्ष–4210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–01–शहरी स्वास्थ्य सेवाएं लघु शीर्ष–110–अस्पताल तथा औषधालय, उपशीर्ष–0113 –जिला एवं अनुमंडलीय अस्पताल, भवनों का निर्माण, जीर्णोद्धार, विपत्र कोड–20-4210011100113, विषय शीर्ष–(53 01) मुख्य निर्माण कार्य अन्तर्गत उपबंधित राशि से किया जायेगा।

5– इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्याययन पदाधिकारी होंगे तथा नियंत्रण पदाधिकारी, निदेशक प्रमुख (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना होंगे।

6– अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना बी0टी0सी0 फॉर्म–46 में तैयार विपत्र के माध्यम से राशि को नगद नहीं बल्कि खाता अंतरण के माध्यम से बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना को उपलब्ध करायेंगे, जो उक्त राशि को पी0एल0 एकाउन्ट सं0–PBBPLA007 विपत्र कोड–00-8448001110002-0001 के अन्तर्गत ledger ID में जमाकर राशि का खर्च विधिवत प्रकिया अपनाते हुए करेंगे।

7– बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम, पटना पी0एल0 एकाउन्ट का धन ऋण ज्ञापन (Plus-Minus Memoranda) तथा पी0एल0 खाते में प्राप्ति का चालान एवं व्यय के सुसंगत वाउचर/उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ विहित प्रपत्र में ससमय कोषागार पदाधिकारी के माध्यम से महालेखाकार को प्रेषित करना सुनिश्चित करायेंगे एवं इसकी प्रति विभाग को भी उपलब्ध करायेंगे।

8– राशि की निकासी वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561 वि0(2), दिनांक–17.04.98, 8543 वि0(2), दिनांक–27.11.2007, 3758/वि०, दिनांक–31.05.2017 एवं 12888/वि०, दिनांक–03.12.2024 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

9– राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी। राशि की निकासी के मामले में महालेखाकार, बिहार, पटना के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

10– प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सविव, स्वास्थ्य का अनुमोदन प्राप्त है।

11– प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

12– यह मात्र स्वीकृत्यादेश है, आवंटन CFMS के माध्यम से प्रदान किया जायेगा।

विश्वासभाजन,

6.11.26

(शंभु शरण)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–सं.सं.–7/बजट–46–19/2021– 3807(11)/स्वा0, पटना, दिनांक– 6/11/2026

प्रतिलिपि– महालेखाकार (ले0 एवं ह0), वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना/प्रमडलीय आयुक्त, मगध प्रमडल, गया/जिला पदाधिकारी, जहानाबाद/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, मगध प्रमंडल, गया/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग/लेखा शाखा, स्वास्थ्य विभाग (दो प्रतियों में)/आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.11.26

सरकार के अपर सचिव ।